**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1399**

**11 मार्च, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**कैंसर के उपचार में एआई का उपयोग**

**1399. श्री एस. निरंजन रेड्डी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि;

(क) आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत अब तक कैंसर से संबंधित रोगों के कारण अस्पताल में भर्ती होने वाले कुल स्वीकृत रोगियों की संख्या कितनी है और उपचार पर कितनी राशि खर्च की गई है, तत्संबंधी राज्य-वार वितरण क्या है;

(ख) देश भर में वर्तमान में संचालित अमृत फार्मेसी केंद्रों की कुल संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार देश में निजी चिकित्सा संस्थानों द्वारा की गई पहलों के समान सरकारी अस्पतालों में कैंसर के निदान और उपचार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग की संभावना तलाश रही है; और

(घ) सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के भीतर प्रारंभिक पहचान, सटीक उपचार और व्यक्तिगत कैंसर देखभाल के लिए एआई-संचालित समाधानों को एकीकृत करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत कैंसर संबंधी अस्पतालों में भर्ती और उपचार के लिए खर्च की गई राशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुलग्नक - I** में दिया गया है।

(ख): दिनांक 07.03.2025 की स्थिति के अनुसार, देश भर में कुल 222 अमृत फार्मेसियॉं है, जिनका राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक - II** में दिया गया है।

(ग) और (घ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने एम्स दिल्ली, पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ और एम्स ऋषिकेश को कृत्रिम बुद्धिमत्ता संबंध में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में नामित किया है। ये केंद्र स्वास्थ्य परिचर्या क्षेत्र में एआई आधारित समाधानों के अनुसंधान और विकास में लगे हुए हैं जिनमें कैंसर भी शामिल हैं।

**अनुलग्नक-I**

एबी-पीएमजेएवाई के तहत कैंसर से संबंधित अस्पताल में भर्ती और इलाज के लिए खर्च की गई राशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | अस्पताल में भर्ती की संख्या | अस्पताल में भर्ती पर खर्च राशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|
| अंडमान और नीकोबार द्वीप समूह | 478 | 2.14 |
| आंध्र प्रदेश | 9,19,698 | 2082.32 |
| अरुणाचल प्रदेश | 676 | 1.83 |
| असम | 1,54,762 | 401.05 |
| बिहार | 1,42,621 | 337.89 |
| चंडीगढ़ | 2,014 | 4.84 |
| छत्तीसगढ़ | 2,36,091 | 580.57 |
| दादरा और नगर हवेली तथा दमन और द्वीव | 4,358 | 11.42 |
| गुजरात | 8,74,590 | 2091.05 |
| हरियाणा | 98,055 | 283.60 |
| हिमाचल प्रदेश | 23,813 | 49.96 |
| जम्मू और कश्मीर | 1,50,375 | 346.77 |
| झारखंड | 98,957 | 232.35 |
| कर्नाटक | 2,55,150 | 1326.71 |
| केरल | 4,17,672 | 906.08 |
| लद्दाख | 986 | 2.33 |
| लक्षद्वीप | 127 | 0.42 |
| मध्य प्रदेश | 5,00,117 | 1330.03 |
| महाराष्ट्र | 27,037 | 37.09 |
| मणिपुर | 16,995 | 38.39 |
| मेघालय | 16,806 | 41.19 |
| मिजोरम | 14,315 | 27.32 |
| नागालैंड | 17,256 | 46.04 |
| पुदुचेरी | 2,620 | 8.00 |
| पंजाब | 1,82,049 | 393.88 |
| राजस्थान | 4,49,320 | 900.96 |
| सिक्किम | 725 | 1.66 |
| तमिलनाडु | 8,76,420 | 941.76 |
| तेलंगाना | 3,97,771 | 588.29 |
| त्रिपुरा | 17,989 | 39.60 |
| उत्तर प्रदेश | 3,78,812 | 1185.10 |
| उत्तराखंड | 82,008 | 263.25 |

नोट: दिनांक 28.02.2025 की स्थिति के अनुसार विवरण

**अनुलग्नक-II**

अमृत फार्मेसियों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **अमृत फार्मेसियों की संख्या** |
|---|---|
| नई दिल्ली | 9 |
| पंजाब | 9 |
| चंडीगढ़ | 9 |
| हिमाचल प्रदेश | 5 |
| उत्तराखंड | 4 |
| उत्तर प्रदेश | 25 |
| हरियाणा | 7 |
| राजस्थान | 1 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 22 |
| ओडिशा | 3 |
| बिहार | 8 |
| मेघालय | 2 |
| असम | 43 |
| मणिपुर | 1 |
| अरुणाचल प्रदेश | 1 |
| त्रिपुरा | 1 |
| पश्चिम बंगाल | 4 |
| झारखंड | 6 |
| छत्तीसगढ़ | 10 |
| गुजरात | 1 |
| मध्य प्रदेश | 15 |
| महाराष्ट्र | 10 |
| पुदुचेरी | 1 |
| तमिलनाडु | 2 |
| केरल | 3 |
| कर्नाटक | 2 |
| आंध्र प्रदेश | 1 |
| तेलंगाना | 17 |

*****